# परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय – 5
अणुशक्तिनगर, मुंबई 400 094

## प्रथम सामयिक परीक्षा
(2023-24)

**कक्षा : दसवीं**
**विषय : हिन्दी**
**अंक : 40**
**समय : 90 मिनट**

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**सामान्य निर्देश :**

1. **इस प्रश्नपत्र में वस्तुपरक / बहुविकल्पी और वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं ।**
2. **प्रश्नपत्र के प्रश्नों की संख्या 10 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**
3. **यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।**

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1 x 5 = 5)**

राष्ट्र के प्रति हमारा कर्तव्य है कि हम इसकी प्रगति में पूरा-पूरा सहयोग दें । राष्ट्र को स्वावलंबी बनाने में हमारी भूमिका निर्णायक सिद्ध होगी । औद्योगिक एवं कृषि की दृष्टि से राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाना अत्यंत आवश्यक है । ऐसा तभी संभव है जब हम अपने-अपने क्षेत्र में पूरी लगन और मेहनत से कार्य करें । आर्थिक दृष्टि से राष्ट्र को सबल बनाना भी हमारा कर्तव्य है । हमें पूरी ईमानदारी के साथ कर (tax) देना चाहिए ।

राष्ट्र के प्रति हमारा यह भी कर्तव्य है कि हम राष्ट्र के सम्मान को कभी नीचे न गिरने दें । हमें विदेशियों के सम्मुख कभी अपने राष्ट्र की बुराई नहीं करनी चाहिए । यदि हम ऐसा करते हैं तो अपने देश के सामूहिक मानसिक बल का नाश करते हैं । हमें सदैव ऐसे कार्य करने चाहिए, जिनसे हमारा राष्ट्र गर्व का अनुभव कर सके । राष्ट्र में व्याप्त बुराइयाँ दूर करने के लिए भी हमें प्रयत्नशील रहना चाहिए । बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार, कालाबाज़ारी, नशाखोरी, आदि बुराइयों पर नियंत्रण पाने में हमें सरकार की पूरी-पूरी मदद करनी चाहिए । जब हमारा राष्ट्र इन बुराइयों से पीछा छुड़ा लेगा, तब हमारा राष्ट्र निश्चय ही उन्नति के मार्ग पर बढ़ चलेगा ।

**1. राष्ट्र के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है ?**

(क) राष्ट्र को स्वावलंबी बनाएं
(ख) राष्ट्र की प्रगति में पूरा-पूरा सहयोग दें
(ग) उद्योग स्थापित करें ।
(घ) राष्ट्र को प्रगतिशील एवं स्वावलंबी बनाएं ।

**2. हम राष्ट्र का सम्मान कैसे बनाए रख सकते हैं ?**

(क) चुप रहकर
(ख) विदेशियों के सामने अपने राष्ट्र की बुराई न करके
(ग) राष्ट्र के लिए अच्छे काम करके
(घ) अन्य राष्ट्रों के साथ तुलना करके

**3. हम राष्ट्र को आर्थिक दृष्टि से कैसे सबल बना सकते हैं ?**

(क) कर-वंचना करके
(ख) धन कमाकर

(ग) करों का भुगतान पूरी ईमानदारी के साथ करके (घ) आर्थिक विकास करके

**4. हम देश की बुराइयों पर नियंत्रण कैसे पा सकते हैं ?**

(क) नशा न करके (ख) भ्रष्टाचार का विरोध करके

(ग) (क) और (ख) विकल्प सही है (घ) (क) और (ख) विकल्प सही नहीं है

**5. हमारा राष्ट्र कब उन्नति के मार्ग पर बढ़ चलेगा ?**

(क) जब हम चलने लगेंगे (ख) जब राष्ट्र से सभी बुराइयाँ नष्ट होंगी

(ग) जब देश में सड़कें बनेंगी (घ) इनमें से कोई नहीं

**प्र.2 निम्नलिखित काव्य-अंश पर आधारित बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए ।**
**(1 x 5 = 5)**

जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश ।
अब भी कुछ लोगों के दिल में, नफ़रत अधिक, प्यार है कम ।
हम जब होंगे बड़े घृणा का, नाम मिटाकर लेंगे दम ।
हिंसा के विषमय प्रवाह में, कब तक और बहेगा देश ।
जब हम होंगे बड़े देखना, नहीं रहेगा यह परिवेश ।
भ्रष्टाचार जमाखोरी की, आदत बहुत पुरानी है ।
ये कुरीतियाँ मिटा हमें तो, नई चेतना लानी है ।
एक घरोंदे जैसा आखिर, कितना और ढहेगा देश,
जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश
इसकी बागडोर हाथों में, ज़रा हमारे आने दो,
थोड़ा-सा बस पाँव हमारा, जीवन में टिक जाने दो ।
हम खाते हैं शपथ, दुर्दशा कोई नहीं सहेगा देश,
जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश ।
हम भारत का झंडा हिमगिरि, से ऊँचा फहरा देंगे,
रेगिस्तान, बंजरों तक में, हरियाली लहर देंगे ।
घोर अभावों की ज्वाला में, कल से नहीं दहेगा देश,
जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश ।

**(1) बच्चे किसे मिटाने का संकल्प ले रहे हैं ?**

(क) दुश्मन को (ख) अभावों को

(ग) कुरीतियों को (घ) घरौंदा को

**(2) 'परिवेश' शब्द का अर्थ छाँटिए –**

(क) सुंदर परिधान (ख) अच्छे कपड़े

(ग) वातावरण (घ) सुंदर केश

**(3)** **बच्चे किसकी बागडोर अपने हाथों में लेना चाहते हैं ?**

(क) परिवार की (ख) युद्ध की

(ग) घृणा की (घ) देश की

**(4)** **काव्य-अंश के माध्यम से बताइए कि बच्चे कौन-सी शपथ खाते हैं ?**
**कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए –**

कथन

(i) देश को दुर्दशा से बचाने की ।

(ii) देश की दुर्दशा करने की ।

(iii) देश में ज्वाला भड़काने की ।

(iv) देश में हिंसात्मक प्रवृत्ति के जन्म की ।

(क) कथन (i) सही है । (ख) कथन (i) व (ii) सही है ।

(ग) कथन (ii) और (iii) सही है । (घ) कथन (iii) और (iv) सही है ।

**(5)** **कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए –**

कथन (A) : 'हिंसा के विषमय प्रवाह में कब तक बहेगा देश' कथन से कवि का तात्पर्य है –
कारण (R) : आने वाले समय में नफ़रत कम प्यार अधिक होगा ।

(क) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है ।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं ।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।

(घ) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**प्र.3** **'वाच्य' आधारित *<u>किन्हीं चार</u>* प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ।** **(1 x 4 = 4)**

(1) जिस वाक्य में भाव की प्रधानता होती है, वहाँ कौन-सा वाच्य होता है ?

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) मिश्र वाक्य

(2) कलाकार द्वारा मूर्ति गढ़ी जाती है । ------ कर्तृवाच्य में परिवर्तित कीजिए –

(क) कलाकार मूर्ति गढ़ता है । (ख) कलाकार ने मूर्ति गढ़ी ।

(ग) कलाकार मूर्ति गढ़ेगा । (घ) कलाकार द्वारा मूर्ति गढ़ी जाएगी ।

(3) इनमें से कौन-सा वाक्य भाववाच्य का नहीं है ?

(क) रमेश से पढ़ा नहीं जाता । (ख) अमित से दौड़ा जाता है ।

(ग) मुझसे चला नहीं जाता । (घ) रोहन दौड़ नहीं सकता ।

(4) कर्तृवाच्य में निम्न में से किस क्रिया का प्रयोग होता है ?

(क) सकर्मक (ख) अकर्मक

(ग) सकर्मक और अकर्मक दोनों (घ) किसी का नहीं

(5) 'चलो, बैठते हैं ।' -------- वाच्य पहचानो ।

(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) इनमें से तीनों ।

**प्र.4 'पद-परिचय' पर आधारित *किन्हीं चार* प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए । (1 x 4 = 4)**

(1) **राजा ने अकाल-पीड़ितों को बहुत-सा दान दिया ।**

(क) दिया – अकर्मक क्रिया, कर्म – दान, काल – भूतकाल

(ख) दिया – सकर्मक क्रिया, कर्म – राजा, काल – भूतकाल

(ग) दिया – सकर्मक क्रिया, कर्म – दान, काल – भूतकाल

(घ) दिया – अकर्मक क्रिया, कर्म – अकाल पीड़ितों को, काल – भूतकाल

(2) **कोई बहुत देर से बाहर खड़ा है ।**

(क) कोई – निश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(ख) कोई – अनिश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(ग) कोई – अनिश्चयवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(घ) कोई – अनिश्चयवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक

(3) **राज मोहन सिंह का पुत्र है ।**

(क) राज – व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(ख) राज – व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक

(ग) राज – जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

(घ) राज – व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक

(4) **वीर पुरुष सबकी प्रशंसा करता है ।**

(क) वीर – गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, 'पुरुष' विशेष्य का विशेषण

(ख) वीर – गुणवाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'पुरुष' विशेष्य का विशेषण

(ग) वीर – गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'सबकी' विशेष्य का विशेषण

(घ) वीर – गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'पुरुष' विशेष्य का विशेषण

(5) **तुम रात के समय कम खाया करो ।**

(क) कम – परिमाणवाचक विशेषण, 'खाया' की विशेषता बात रहा है ।

(ख) कम – रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, विशेष्य क्रिया – 'खाया करो' ।

(ग) कम – कालवाचक क्रिया-विशेषण, विशेष्य क्रिया – 'खाया करो' ।

(घ) कम – परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण, विशेष्य क्रिया – 'खाया करो' ।

**प्र.5 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए –**

**(1 x 5 = 5)**

खेतीबारी करते, परिवार रखते भी, बलगोबिन भगत साधु थे – साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरनेवाले । कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते । कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते । किसी से भी दो टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते ।

किसी की चीज़ नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते । इस नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता ।

**(1) गृहस्थ होते हुए भी बालगोबिन भगत को साधु क्यों कहा जाता था ?**

(क) साधु बनकर घर से बाहर रहते थे ।
(ख) उनका व्यवहार साधुओं जैसा था ।
(ग) साधुओं के साथ सत्संग करते थे ।
(घ) सन्यास लेने के कारण ।

**(2) भगत जी के साहब कौन थे ?**

(क) पड़ोसी (ख) मित्र
(ग) संत कबीर (घ) मालिक

**(3) 'दो टूक बात करना' से क्या तात्पर्य है ?**

(क) केवल दो बातें करना (ख) बहुत बातें करना
(ग) बिल्कुल बात न करना (घ) स्पष्ट बात करना

**(4) लोगों को किस बात पर आश्चर्य होता ?**

(क) भगत जी के रहन-सहन और विषभूषा को देखकर
(ख) भगत जी के शिष्ट तथा शुद्ध व्यवहार को देखकर
(ग) भगत जी के क्रोध को देखकर
(घ) भगत जी के साहब को देखकर

**(5) गद्यांश के आधार पर भगत जी की चारित्रिक विशेषताएं कौन-सी हैं ?**

(क) स्पष्टवक्ता, शुद्ध आचरण, सत्यवादी
(ख) आस्तिक, झगड़ालू, आज्ञाकारी
(ग) नास्तिक, संन्यासी, सत्यवादी
(घ) मितभाषी, शिष्टाचारी, नास्तिक

**प्र.6 निम्नलिखित काव्य पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए ।** **(1 x 5 = 5)**

ऊधौ, तुम हो अति बड़भागी ।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नहिन मन अनुरागी ।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी ।
ज्यों जल माहँ तेल की गगरि, बूँद न ताकौं लागी ।
प्रीती-नदी मैं पाऊँ न बोरयो, दृष्टि न रूप परागी ।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यों पागी ।

**(1) प्रस्तुत काव्य-पंक्तियों में कौन-किससे कह रहा है ?**

(क) उद्धव गोपियों से (ख) गोपियाँ उद्धव से
(ग) उद्धव कृष्ण से (घ) गोपियाँ कृष्ण से

**(2) उद्धव 'सनेह तगा' से अछूते क्यों हैं ?**

(क) उद्धव कृष्ण के उपासक हैं ।
(ख) उद्धव ने किसी से प्रेम नहीं किया ।

(ग) उद्धव निर्गुण ब्रह्म के उपासक हैं ।
(घ) उद्धव प्रेम करने से डरते हैं ।

**(3) उक्त पंक्तियों में किसे 'बड़भागी' कहा गया है ?**

(क) उद्धव को (ख) गोपियों को
(ग) कृष्ण को (घ) कवि सूरदास को

**(4) 'प्रीती-नदी' किसे कहा गया है ?**

(क) यमुना नदी को (ख) उद्धव को
(ग) गंगा नदी को (घ) कृष्ण को

**(5) गोपियों ने गुड़ में चिपकी चींटी का उदाहरण देकर उद्धव को क्या बताना चाहा है ?**

(क) चींटियों से गुड़ से घृणा है ।
(ख) गोपियाँ श्रीकृष्ण के प्रति अटूट व समर्पित प्रेम रखती हैं ।
(ग) चींटियाँ गुड़ से बहुत प्यार करती हैं ।
(घ) गुड़ और चींटी का प्रेम सर्वोपरि है ।

**प्र.7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए । (1 x 2 = 2)**

**(1) बलगोबिन भगत अपने पुत्र का बहुत अधिक ध्यान क्यों रखते थे ?**

(क) उनका पुत्र बहुत छोटा था ।
(ख) उनका पुत्र बहुत सीधा-साधा था ।
(ग) उनका पुत्र मानसिक रूप से कमज़ोर था ।
(घ) उनका पुत्र किसे से बात नहीं करता था ।

**(2) उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई है ?**

(क) कमल के पत्तों से तथा तेल की गागर से
(ख) गुलाब के पत्तों से तथा मिट्टी की गागर से
(ग) भँवरे से तथा कमल के फूल से
(घ) राजनेता से तथा ज्ञानी से

**प्र.8 पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए । (2 x 2 = 4 )**

(क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में पानवाले का रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए ।
(ख) बालगोबिन भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?
(ग) भगत के व्यक्तित्व और उनकी विषभूषा का अपने शब्दों में चित्रण कीजिए ।

**प्र.9 पठित काव्य के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए । (2 x 1 = 2 )**

(क) योग-संदेश के प्रति गोपियों का क्या दृष्टिकोण है ? वे इसे किस तरह के लोगों के लिए अधिक उपयुक्त मानती हैं ?
(ख) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए ?

**प्र.10 पठित पाठ के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 50–60 शब्दों में लिखिए । ( 1 x 4 = 4 )**

(क) 'माता का अंचल' कहानी में भोलानाथ अत्यंत डरे होने पर भी अपने पिता के पास न जाकर अपनी 'माता के अंचल' में जाकर क्यों छिपता है ?

(ख) भोलानाथ और उनके साथियों द्वारा खेले जानेवाले खेलों पर विस्तृत चर्चा कीजिए । क्या आज की पीढ़ी इस प्रकार के खेल खेलती है ? सकारण बताइए ।

*******